This Question Paper contains 4 Printed Pages.

**1020**

**09H(A)**

# HINDI

*(Second Language)*

PAR

Time : 3 hours] *Roll Number :* [redacted] [Maximum Marks : 80

***Instructions :***

1. Read and understand the Question Paper thoroughly.
2. Answer all the questions as directed.
3. Part-'A' questions are to be written in the separate answer-booklet.
4. Write the answers to the questions under Part-'B' on the Question Paper itself and attach it to the answer-booklet of Part-'A'.

---

## PART – A

**Time : 2 hours 30 minutes]** **[Marks : 60**

### SECTION – I

**(अंक : 20)**

I. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।

(अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए । (5 × 1 = 5)

"मैं एक बार अपने अंगरक्षक के साथ इसी तरह उपवन में चर्चा कर रहा था । तभी मुझे राजमाता के पास ज़रूरी बात करने के लिए जाना पड़ा । मैंने अंगरक्षकों को अपने लौटने तक वहीं खड़े रहने का आदेश दिया था । राजमाता से बात करते-करते रात हो गई । वहीं पर मैंने भोजन किया । सो गया । अगले दिन सुबह उठकर देखा तो खूब बारिश हो रही थी । सेवकों ने बताया कि देर रात से बारिश हो रही है । जब मैंने उपवन लौटकर देखा तो अंगरक्षक उसी स्थान पर भीगते हुए खड़े हैं । मैं बातचीत में इतना निमग्न हो गया था कि अंगरक्षकों को जाने के लिए भी नहीं कह सका । यह मेरी भूल थी । अत: ऐसी भूल करने वाले राजा को हितोपदेश देने का कोई अधिकार नहीं । मुझे क्षमा कीजिए ।"

राजा कुमारवर्मा ने महाराज सत्यसिंह की इस घटना को पूरे ध्यान से सुना ।

**प्रश्न :**

1. राजा ने अंगरक्षकों को क्या आदेश दिया था ?
2. किसने राजमाता के पास भोजन किया ?
3. अंगरक्षक बारिश में भीगते हुए क्यों खड़े थे ?
4. किसे हितोपदेश देने का अधिकार नहीं है ?
5. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?



https://www.telanganaboard.com Visit CollegeDekho

(आ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। (5 × 2 = 10)

रोज़ाना समाचार-पत्र पढ़ने की आदत डाल लेनी चाहिए। इससे विभिन्न विषयों की जानकारी तो मिलती ही है, साथ-साथ देश विदेश में क्या कुछ घटित हो रहा है इसका भी भली-भाँति ज्ञान मिलता रहता है।

रोम और चीन में हज़ारों साल पहले के हस्तलिखित समाचार-पत्रों के प्रमाण मिलते हैं। समाचार-पत्र दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक या छमाही भी होते हैं। भारत का पहला समाचार-पत्र 'द बंगाल गज़ट' था, जिसका प्रकाशन 1780 में शुरू हुआ था। आज देश में लगभग डेढ़ लाख पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित होती हैं।

30 मई, 1826 को हिंदी का पहला समाचार-पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' प्रकाशित हुआ था, इसलिए प्रति वर्ष 30 मई को राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। भारत के सर्वाधिक संख्या में प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों में दैनिक भास्कर (हिंदी), मलयाला मनोरमा (मलयालम), द टाइम्स ऑफ इंडिया (अंग्रेजी) आदि हैं।

आज के स्मार्ट फोन एवं सोशल मीडिया के दौर में भी समाचार-पत्रों का महत्व कम नहीं हुआ है।

प्रश्न :

6. समाचार-पत्र पढ़ने की आदत क्यों डाल लेनी चाहिए ?
7. गद्यांश में किन देशों का उल्लेख है ?
8. हिंदी के पहले समाचार-पत्र का नाम लिखिए।
9. अधिक संख्या में प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों के नाम लिखिए।
10. गद्यांश के लिए उचित शीर्षक क्या होगा ?

(इ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। (5 × 1 = 5)

दादुर टर-टर करते झिल्ली बजती झन-झन,
'म्यव-म्यव' रे मोर 'पीउ' 'पीउ' चातक के गण।
उड़ते सोन बलाक, आर्द्र-सुख से कर क्रंदन,
घुमड़-घुमड़ गिर मेघ गगन में भरते गर्जन।

https://www.telanganaboard.com Visit CollegeDekho

रिमझिम-रिमझिम क्या कुछ कहते बूँदों के स्वर,
रोम सिहर उठते छूते वे भीतर अंतर ।
धाराओं पर धाराएँ झरती धरती पर,
रज के कण-कण में तृण-तृण की पुलकावलि भर ।।

प्रश्न :

11. पद्यांश में किन प्राणियों का उल्लेख है ?
12. उड़ते सोन बलाक क्या करते हैं ?
13. बूँदों के स्वर कैसे होते हैं ?
14. प्रस्तुत पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन है ? धाराएँ कहाँ झरती हैं ?
15. उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन हैं ?

## SECTION – II

**(अंक : 40)**

(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3-4 पंक्तियों में लिखिए । **(4 × 4 = 16)**

16. रैदास का साहित्यिक परिचय लिखिए ।
17. 'कण-कण का अधिकारी' पाठ के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ?
18. अमीना के स्थान पर आप होते तो हामिद द्वारा खरीदे गए चिमटे को देखकर क्या प्रतिक्रिया करते ? https://www.telanganaboard.com
19. अब्दुल कलाम और टेसी थॉमस के जीवन में क्या समानता है ?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए । **(3 × 8 = 24)**

20. 'बालिका शिक्षा के बिना समाज की प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती ।' 'माँ मुझे आने दे' कविता के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

या

रहीम और बिहारी के दोहों का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

**P.T.O.**

https://www.telanganaboard.com
Visit CollegeDekho

21. लोकगीतों की लोकप्रियता के क्या कारण हो सकते हैं ?

या

गोदावरी नदी को दक्षिणी गंगा क्यों कहा गया होगा ? काका कालेलकर के यात्रा-वृत्तांत के आधार पर प्रकाश डालिए।

22. बढ़ते हुए मच्छरों की समस्या से छुटकारा दिलाने का निवेदन करते हुए ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

या

पेड़-पौधों का महत्व दर्शाते हुए एक पोस्टर का सृजन कीजिए।

25617786
25617786
25617786
25617786

https://www.telanganaboard.com



Visit CollegeDekho